प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 25.09.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः–

– पीएमश्री योजना के तहत छत्तीसगढ़ के अटहत्तर और स्कूलों को शामिल किया गया।

– भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कल रायपुर में पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा करेंगे।

– राज्य शासन ने शारदीय नवरात्र पर प्रदेष की विभिन्न शक्तिपीठों में ज्योति कलश और प्रसाद के लिए देवभोग घी का उपयोग करने के दिए निर्देष।

– पंडित दिनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज राज्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें दी गई श्रद्धांजली।

..............................................................

<u>पीएमश्री योजना</u>

छत्तीसगढ़ के अठहत्तर स्कूलों को पीएमश्री योजना की स्वीकृति मिली है। प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या अब तीन सौ इकतालीस हो चुकी है, जिनका पीएमश्री योजना के तहत उन्नयन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएमश्री योजना में शामिल इन स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत उत्कृष्ट विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और व्यावसायिक लैब्स की व्यवस्था होगी, जो छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों पर ले जाएगी।

..............................................................

<u>भाजपा–सदस्यता अभियान</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के बगिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा सदस्यता अभियान का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सौ नये सदस्यों को भाजपा की ऑनलाइन सदस्यता दिलाई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य इस बार पचास लाख नये सदस्यों को जोड़ने का है। उन्होंने कहा कि पार्टी के हर कार्यकर्ता को सौ नये लोगों को भाजपा का सदस्य बनाना चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की प्रगति की समीक्षा करने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा कल छब्बीस सितंबर को एकदिवसीय प्रवास पर रायपुर आएंगे। अपने रायपुर प्रवास के दौरान वे सदस्यता अभियान की समीक्षा करने के साथ ही पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

..............................................................

<u>पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान</u>

देशभर में जल्द ही प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू होगा। अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव आर.जया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आज देशभर के जिला कलेक्टरों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कलेक्टरों को जरुरी दिशा–निर्देश दिए। बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत जिले के जनजातीय बहुल छियालीस गांवों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत चयनित गांवों में विभागीय योजनाओं का शत–प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना है। इस अभियान में अधोसंरचना विकास सहित बेहतर स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच पर जोर दिया जाएगा।

..............................................................

<u>कलेक्टर–निर्देश</u>

राज्य शासन ने सभी कलेक्टरों को दिशा–निर्देश दिए हैं कि आगामी शारदीय नवरात्र पर प्रदेश की विभिन्न शक्तिपीठों में ज्योति कलश प्रज्जवलित करने और प्रसाद निर्माण के लिए देवभोग घी का उपयोग किया जाए।

राज्य के कृषि उत्पादन आयुक्त ने सभी कलेक्टरों को भेजे गए पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ दुग्ध व्यवसाय का शीर्ष स्थान है। इसके द्वारा प्रदेश में लगभग सात सौ दुग्ध सहकारी समितियों से संबद्ध तीस हजार से अधिक पशुपालक परिवारों से दूध का संकलन किया जाता है। इसके द्वारा मानकों के अनुरूप दूध और दूध से बने अन्य उत्पाद उपलब्ध कराए जाते हैं।

कलेक्टरों को भेजे पत्र में कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा है कि शक्तिपीठों में देवभोग घी के इस्तेमाल से राज्य के पशुपालकों का हित होगा।

..............................................................

आयुष्मान पखवाड़ा

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में तीस सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत मुंगेली जिले के लछनपुर गांव में ''घर–घर आयुष्मान–हर घर आयुष्मान'' नारे के साथ स्कूली बच्चों ने रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों को आयुष्मान के लाभ और आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराने के लिए जागरूक किया गया।

वहीं, बलरामपुर में आयुष्मान पखवाड़ा के तहत हाईस्कूल मैदान से जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली हाईस्कूल ग्राउंड से शुरू होकर पुराना बस स्टैंड में समाप्त हुई। रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बसंत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और लोगों को आयुष्मान योजना के प्रति जागरूक किया।

उधर, कोंडागांव जिले में आयुष्मान पखवाड़ा के तहत बीस से तीस सितंबर तक हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। ऐसे हितग्राही जिनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नही बन पाया है, स्वास्थ्य कार्यकर्ता

उनके घर जाकर और गावों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। साथ ही लोगों को जागरूक करने विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान सभा और जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है।

इस बीच, जशपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोदाम में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में बुजुर्गो की एनीमिया, शुगर और खून की जांच की गई। साथ ही स्कूली बच्चों को पोषण आहार की जानकारी दी गई और उनके हीमोग्लोबिन के स्तर को भी जांचा गया। वहीं, जिले के ही खोंगा गांव के रहने वाले सुखनाथ राम का इलाज के दौरान ही आयुष्मान कार्ड बनाकर निःशुल्क इलाज किया गया।

.............................................................

<u>दीनदयाल उपाध्याय–जयंती</u>

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के बगिया में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे युगदृ ष्टा थे, जिनके विचारों और सिद्धांतों ने देश को एक प्रगतिशील विचारधारा दी।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बिलासपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान श्री साव बिलासपुर नगर निगम द्वारा आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा में शामिल हुए।

.............................................................

<u>स्वच्छता ही सेवा</u>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज रायपुर जिले में माना बस्ती के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू और पंचायत और ग्रामीण विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक ने नागरिकों और विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने सामूहिक रूप से श्रमदान किया और एक पेड़ मां के नाम के

तहत पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर कबाड़ से जुगाड के तहत बच्चों द्वारा बनाई गई मॉडल की प्रदर्शिनी लगाई।

वहीं, कोंडागांव जिले में कलेक्टर कुणाल दुदावत और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से जिले की सभी ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक और कचरा मुक्त बनाने के साथ–साथ स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा।

..............................................................

रायगढ़–आकाशीय बिजली

रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया के वाहन पर आज आकाशीय बिजली गिर गई। श्री राठिया सुरक्षित हैं। घटना के समय वाहन में करीब छह लोग सवार थे। एक व्यक्ति को मामूली चोट पहुंची है।

मिली जानकारी के अनुसार श्री राठिया आज ग्राम सरायपाली–गेरवानी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में उनके वाहन के अगले हिस्से में आकाशीय बिजली गिर गई।

..............................................................

वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता

दुर्ग में चल रही अखिल भारतीय पुलिस वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश पुलिस की टीम ने तीन स्वर्ण सहित कुल सोलह मेडल जीते हैं। इस प्रतियोगिता में बीएसएफ दूसरे और राजस्थान पुलिस तीसरे स्थान पर रही। छत्तीसगढ़ पुलिस ने दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता है।

..............................................................

संक्षिप्त समाचार–01
और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

– राज्य शासन ने विश्व विजय सिंह तोमर को छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री तोमर सरगुजा जिले के रहने वाले हैं।

– राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रायपुर के सकरी में स्थित शासकीय आईटीआई में पीपल के पौधे का रोपण किया।

– राजनांदगांव जिले में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित सीआरसी द्वारा सांकेतिक भाषा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया।

– जशपुर जिले के तमनार और बगीचा में जल्द ही अपेक्स बैंक की दो नई शाखाएं खोली जाएंगी। अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि इन शाखाओं को शुरू करने के लिए रिजर्व बैंक की अनुमति मिल चुकी है।

– झारखंड के लातेहार में भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और गोरखपुर सांसद रवि किशन शामिल हुए। इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

– राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया को उच्चतम न्यायालय ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत दे दी है। हालांकि, उन्हें एसीबी–ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज अन्य प्रकरणों की वजह से फिलहाल जेल में ही रहना होगा।

– लोक निर्माण विभाग ने बत्तीस अभियंताओं के नये पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। इनमें कार्यपालन अभियंता से लेकर सहायक और उप अभियंता शामिल हैं।

.............................................................

<u>संक्षिप्त समाचार–02</u>

– रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वनमंडल क्षेत्र के बकारुमा रेंज में हाथी के हमले में एक युवक की मौत हो गई।

– रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शासकीय स्कूल और कॉलेजों के सौ गज के दायरे को तम्बाकू मुक्त करने यलो लाइन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

– लोक निर्माण विभाग ने राजनांदगांव के कार्यपालन अभियंता ए.के. चौहान को बीते दो सितंबर को आयोजित विभागीय मंत्री विजय शर्मा की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर निलंबित कर दिया गया है।

– दुर्ग के जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में कल छब्बीस सितम्बर को सुबह साढ़े दस बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

– रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत सिद्धबाबा समपार फाटक मरम्मत कार्य के चलते अट्ठाईस सितंबर को सुबह आठ बजे से उनतीस सितंबर की सुबह नौ बजे तक बंद रहेगा।

– रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में कल छब्बीस सितंबर को शून्य से सोलह वर्ष तक के बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

– बिलासपुर में आयोजित चौबीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बिलासपुर ओवरऑल चैंपियन रहा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>